प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
01.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मौसम

प्रदेश में बीते तीन दिनों के दौरान मानसून की मूसलाधार वर्षा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मंडी जिला में बीती रात हुई भारी वर्षा व बादल फटने की घटनाओं में 4 लोगों की मृत्यु हुई है और करीब 16 अन्य लापता हैं जबकि विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए राहत बचाव अभियानों के जरिए 99 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मंडी जिला प्रशासन द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, 2 सौ 61 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं और एक हजार 7 सौ से अधिक ट्रांसफॉर्मर ठप पड़े हैं जबकि कई पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। उधर हमीरपुर जिला के ब्लाह गांव में बाढ़ में फंसे 20 लोगों को पुलिस ने सुरक्षित निकाल लिया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन द्वारा लगातार राहत व् बचाव कार्य जारी है। चंडीगढ़–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग भी भूस्खलन के कारण जगह–जगह बंद हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी 24 घंटों के दौरान भी राज्य के अधिकतर भागों में भारी वर्षा की संभावना जताई है।

सुखविंदर सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िला में ब्यास नदी में बढ़ते जलस्तर की स्थिति का जायज़ा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार बारिश के चलते जलस्तर में तेज़ बढ़ौतरी हो रही है, जिससे कुछ क्षेत्रों में गंभीर परिस्थितियाँ बनी हुई हैं। उन्होंने ज़िला के भड़ोली क्षेत्र में नदी पर बने पुल और आसपास के इलाक़ों की स्थिति की जानकारी ली और ज़िला प्रशासन से फीडबैक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह ज़िला प्रशासनों के निरन्तर संपर्क में हैं और हालात पर नज़र बनाए हुए हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि ख़राब मौसम को देखते हुए पूरी सावधानी बरतें और प्रशासन की एडवायज़री का पालन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा ही राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

एफआईआर

प्रदेश के ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई के अधिकारी के साथ मारपीट के आरोप लगे हैं। एनएचएआई के अधिकारी द्वारा शिमला के ढली थाना में उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। गौरतलव है कि पिछले कल भट्टाकुफर में एक पांच मंजिला भवन के ढहने

के बाद पंचायतीराज मंत्री मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे थे और इस दौरान मंत्री सहित अन्य लोगों पर एनएचएआई के अधिकारियों से मारपीट किए जाने के आरोप है। एनएचएआई के अधिकारी ने शिकायत में आरोप लगाया है कि मंत्री ने पहले उनसे अभद्रतापूर्ण तरीके से बात की और बाद में बंद कमरे में उनसे मारपीट की। पुलिस ने अधिकारी की शिकायत के आधार पर मंत्री के खिलाफ केस दर्ज किया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस मामले पर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मंत्री को तुरंत पद से हटाने की मांग की है। इस बीच केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग नितिन गडकरी ने भी एनएचएआई के अधिकारी के साथ मंत्री द्वारा की गई मारपीट के मामले पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर बात कर इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की कमान एक बार फिर पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव बिंदल को सौंपी है। शिमला में आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व राष्टीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का निर्वाचन कार्यक्रम संगठन पर्व–2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने राजीव बिंदल को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने की घोषणा की। इसके अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री ने 8 राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के नामों की घोषणा भी की। इनमें गोविंद सिंह ठाकुर, बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर रश्मीधर सूद, पायल वैद्य, राजीव सैहजल, संजीव कटवाल और पवन काजल शामिल है। इस दौरान जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली पार्टी है और यहां लोकतांत्रिक रूप से अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में मां बेटे का ही फैसला मान्य होता है और हर व्यक्ति स्वयं को अध्यक्ष समझता है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि तीन पीढ़ियों के संघर्ष के बाद आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिए हमेशा काम करेंगे।

———————————